## एक नजर में

### बारिश में भी नहीं थमी आस्था निकली जगन्नाथ रथ यात्रा

**नवभारत/ गोटेगांव।** आषाढ़ माह की अमावस्या के द्वितीय दिन ग्राम श्रीनगर के प्राचीन जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। झमाझम बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने 卐जय जगन्नाथ卐 के जयकारों के साथ रथ खींचा। प्राचीन कथा के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा को 108 कलशों से स्नान के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं। एक माह तक वे किसी को दर्शन नहीं देते। वैद्यों द्वारा उपचार के बाद स्वस्थ होकर भगवान परंपरानुसार मौसी के घर दर्शन देने जाते हैं। इसी परंपरा का निर्वहन श्रीनगर में वर्षों से किया जा रहा है। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में निर्मित हुआ था।

### गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस के निर्देश

**नवभारत/ नरसिंहपुर** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में करेली में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में दोनों विभागों के मैदानी अमले को समन्वित रूप से कार्य करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार तथा कुपोषण उन्मूलन के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े कार्य केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को संवारने का महत्वपूर्ण दायित्व हैं। ऐसे कार्यों से मन को आत्मिक संतोष मिलता है, क्योंकि इनके माध्यम से सीधे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

### कलेक्टर रजनी सिंह ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत/ नरसिंहपुर** कलेक्टर रजनी सिंह ने बुधवार को देवरीकला स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का औचक निरीक्षण कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न इकाइयों का बारीकी से अवलोकन करते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (स्नस्ञक्ष) तथा मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (स्क्रस्न) प्लांट का निरीक्षण कर वहां संचालित कार्यों, संसाधनों एवं अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से प्लांट की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करते हुए।

### शहरी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एवं विभिन्न योजनाओं के लंबित पंजीयन कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार 17 जुलाई को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में 17 जुलाई को नगर पालिका गाडरवारा के राजीव वार्ड व जवाहर वार्ड, नगर पालिका नरसिंहपुर के राम वार्ड व गांधी वार्ड, नगर पालिका गोटेगांव के ठाकुर बाबा वार्ड, नगर परिषद तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 15 वीरसावरकर वार्ड, नगर परिषद चीचली के वार्ड क्रमांक 15 मंगल पांडे वार्ड, नगर परिषद सालीचौका के वार्ड क्रमांक 15 और नगर परिषद सांईखेड़ा के वार्ड क्रमांक 15 सरदार वल्लभ भाई पटेल में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### प्रधान आरक्षक से एएसआई बने राजेश जाट का सम्मान

**नवभारत/ गोटेगांव।** एसडीओपी कार्यालय गोटेगांव में पदोन्नति प्राप्त करने पर प्रधान आरक्षक राजेश जाट को सहायक उप निरीक्षक एएसआई पद पर पदोन्नत होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसपी नरसिंहपुर डॉ. ऋषिकेश मीणा द्वारा उन्हें नवीन पदोन्नति पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की गई। इसी तारतम्य में थाना गोटेगांव एसडीओपी कार्यालय में समस्त थाना स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने कहा कि मेजर राजेश जाट ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय दिया है।

# आखिर कब आती है बायोमेडिकल वेस्ट की गाड़ी?

## स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा बड़ा सवाल, जवाब देने से आखिर कौन बच रहा है?

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** शहर में प्रतिदिन निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, पैथोलॉजी लैब और नर्सिंग होम से बड़ी मात्रा में बायोमेडिकल वेस्ट निकलता है। यह वही कचरा है जिसमें इस्तेमाल की गई सिरिंज, सुई, ब्लड बैग, संक्रमित पट्टियां, ग्लव्स, टेस्ट सैंपल और अन्य जैविक अपशिष्ट शामिल होते हैं। यदि इनका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न हो, तो यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि गाडरवारा में बायोमेडिकल वेस्ट उठाने वाली गाड़ी आखिर कब आती है? अधिकांश लोगों ने न तो कभी इस गाड़ी को देखा है और न ही इसके आने-जाने का कोई निर्धारित समय सार्वजनिक रूप से बताया गया है। इससे लोगों के मन में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। क्या शहर से निकलने वाला पूरा बायोमेडिकल वेस्ट रोज़ाना



एकत्र किया जाता है? क्या अधिकृत एजेंसी सभी अस्पतालों और लैब से नियमित कचरा उठा रही है? यह कचरा किस प्लांट में ले जाया जाता है? क्या पूरे सिस्टम की निगरानी स्वास्थ्य विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जा रही है? बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के अनुसार प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था को अधिकृत एजेंसी के माध्यम से संक्रमित कचरे का सुरक्षित संग्रहण और वैज्ञानिक निस्तारण कराना अनिवार्य है। वहीं संबंधित एजेंसियों और विभागों की भी जिम्मेदारी है कि पूरी व्यवस्था पारदर्शी रहे और आवश्यक जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो। यदि व्यवस्था पूरी तरह सुचारु है तो आम नागरिकों से इसकी जानकारी साझा करने में संकोच क्यों?

### पूरे समाज की सुरक्षा से जुड़ा विषय

क्या संबंधित एजेंसी का नाम, वाहन का रूट, संग्रहण का समय और निस्तारण स्थल सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए? स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि बायोमेडिकल वेस्ट का सुरक्षित प्रबंधन केवल अस्पतालों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। ऐसे में पारदर्शिता और नियमित निगरानी अत्यंत आवश्यक है। अब निगाहें स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय प्रशासन पर हैं। उम्मीद की जा रही है कि वे इस महत्वपूर्ण विषय पर स्थिति स्पष्ट करेंगे, ताकि लोगों के मन में उठ रहे सवालों का समाधान हो सके और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन व्यवस्था पर जनविश्वास और मजबूत हो।

# प्रतिबंध का असर हुआ बेअसर, फिर सड़कों पर दौड़ रहे भारी वाहन

**नवभारत/ गाडरवारा।** शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर द्वारा कुछ समय पहले दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश और आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया था। प्रशासन के इस निर्णय का शुरुआती दिनों में असर भी देखने को मिला। शहर की सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही कम हुई, जिससे यातायात सुचारु रहा और लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन अब हालात फिर पहले जैसे होते दिखाई दे रहे हैं। शहर की प्रमुख सड़कों और व्यस्त चौराहों पर दिन के समय भारी वाहन बेधड़क दौड़ते नजर आ रहे हैं।



### प्रशासनिक सख्ती धीरे-धीरे खत्म हो गई

प्रतिबंध के पालन में प्रशासनिक सख्ती धीरे-धीरे खत्म हो गई है, जिसके चलते वाहन चालक बिना किसी डर के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर के भीतर दिन के समय ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति बन रही है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं, नौकरीपेशा लोग और दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कई बार भारी वाहनों के कारण सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### ट्रेन से गिरा 30 वर्षीय युवक अस्पताल में इलाज जारी

**नवभारत/ गोटेगांव।** बेलखेड़ा रेलवे स्टेशन पर एक हादसा सामने आया, जहां ट्रेन के गेट के पास बैठे एक यात्री के साथ अचानक दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार गोटेगांव नगर के बेलहाई निवासी 30 वर्षीय श्यामलाल यादव पिता धनीराम यादव ट्रेन से सफर कर रहे थे। बताया जा रहा है कि स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही के दौरान धक्का लगने से वह ट्रेन से नीचे गिर गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी (रेलवे पुलिस) ने तत्परता दिखाई और घायल श्यामलाल यादव को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया।



### युवाओं को कौशल संस्कार और एकता का मंत्र, विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजन

तेंदूखेड़ा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर एक शिक्षण संस्थान में ब्रह्माकुमारीज़ के उठो जगत के वास्ते प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल विकास के साथ-साथ नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया गया। मुख्य वक्ता बीके बिनीता दीदी ने युवाओं को राष्ट्र की अमूल्य शक्ति बताते हुए कहा कि केवल तकनीकी कौशल पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा यदि युवा अपने जीवन में सकारात्मक सोच अनुशासन नशामुक्ति और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाते हैं। तो वे न केवल अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। बल्कि एक श्रेष्ठ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर संकट: भारी वाहनों से जाम और हादसे का डर

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर के मुख्य बाजार और व्यस्त मार्गों पर दिनभर चलने वाले भारी वाहनों की आवाजाही अब आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बन गई है। इन दिनों सभी विद्यालय खुल चुके हैं। प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं पैदल, साइकिल और दोपहिया वाहनों से स्कूल आते-जाते हैं। अधिकांश शिक्षण संस्थानों की



छुट्टी शाम 4 बजे के आसपास होती है। इसी समय मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाहन दुर्घटना की आशंका बढ़ा देते हैं। अभिभावकों का कहना है कि संकरी सड़कों पर भारी वाहनों की तेज आवाजाही के कारण बच्चों की सुरक्षा हमेशा खतरे में बनी रहती है। नगर का मुख्य बाजार पहले से ही संकरी सड़कों, बढ़ते यातायात और अतिक्रमण से जूझ रहा है। भारी वाहनों के प्रवेश से कई बार लंबा जाम लग जाता है, जिससे आमजन, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी होती है। एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। नगरवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए बायपास का उद्देश्य ही भारी वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश से रोकना था, लेकिन नियमों का प्रभावी पालन न होने से अधिकांश भारी वाहन आज भी मुख्य बाजार से होकर गुजर रहे हैं।

# जबलपुर जाने के लिए नहीं है सीधी बस सेवा

**नवभारत/ डोभी।** विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाला तेंदूखेड़ा से बरमान जाने वाले सड़क के बीच प्रतिष्ठित ग्राम डोभी से सीधी जबलपुर के लिए बस सेवा ना होने की स्थिति में यहां के लोगों को पहले या तो तेंदूखेड़ा आना पड़ता है या फिर बरमान करेली तरफ से बस पकड़ कर जबलपुर जाना पड़ता है। यहां के लोगों ने पुनः बस सेवा शुरू करने की मांग की है।इस क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि डोभी से करीब 25 से अधिक गांव जुड़े हुए हैं और बड़ी संख्या में लोगों को इलाज हाईकोर्ट एवं व्यापारिक गतिविधियों अन्य आवश्यक कामों के लिए प्रतिदिन जबलपुर जाना पड़ता है। पूर्व में यहां से सीधी बस सेवा चला करती थी लेकिन लंबे समय से बंद होने के कारण लोगों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। आर्थिक बोझ के साथ हैरानी परेशानी हुआ करती है। रात्रि में डोभी तरफ आने के लिए तेंदूखेड़ा बरमान तरफ से भी कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं है जिससे लोगों को और ज्यादा परेशानी हुआ करती है।यदि कोई व्यक्ति जबलपुर सागर तरफ जाता है और यदि शाम छ बजे के बाद वापस लौटता है तो उसे अलग से बाहन व्यवस्था करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले डोभी से जबलपुर के लिए नियमित बस संचालित होती थी जिससे आम नागरिकों मरीजों विद्यार्थियों और व्यापारियों को काफी सुविधा मिलती थी। लेकिन बस सेवा बंद होने के बाद सबसे अधिक परेशानी गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को उठानी पड़ रही है। निजी वाहन या किराए की गाड़ी से जबलपुर जाने में हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं, जो हर परिवार के लिए संभव नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि डोभी से भोपाल के लिए वर्तमान में चार बसों का संचालन हो रहा है। जबकि भोपाल की दूरी जबलपुर की तुलना में काफी अधिक है। गंभीर मरीजों को इलाज के लिए अधिकतर जबलपुर के मेडिकल कॉलेज और बड़े अस्पतालों में ले जाना पड़ता है। जबलपुर जाने पर मरीज का इलाज एक ही दिन में कराकर वापस लौटना संभव हो जाता है, जबकि भोपाल जाने पर दूरी अधिक होने से दो दिन या उससे अधिक समय लग जाता है।

# अबोड स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी 2026 का गरिमामय आयोजन

**नवभारत/ करेली।** नगर की शिक्षण संस्था अबोड़ द स्कूल ऑफ ड्रीम्स में छात्र नेतृत्व, अनुशासन,उत्तरदायित्व एवं सेवा-भाव की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से इन्वेस्टिचर सेरेमनी,छात्र परिषद शपथ ग्रहण 2026 का गरिमामय आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत तिलक एवं स्मृति चिन्ह से किया।समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर उनके पदों की औपचारिक जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। इस वर्ष अर्श अहमद को हेड बॉय तथा पावनी जैन को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। आव्यांशी जैन को डिसिप्लिन इंचार्ज, अभि जैन



वॉइस डिसिप्लिन इंचार्ज,वेदिका स्वामी स्पोर्ट्स कैप्टन, लक्ष्य विश्वकर्मा वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन, आराध्या कौरव कल्चरल सेक्रेटरी, वैदिक गुप्ता वाइस कल्चरल सेक्रेटरी, प्राकृत भारिल्ल को लिटरेरी सेक्रेटरी तथा ऐश्वी जैन को वाइस लिटरेरी सेक्रेटरी नियुक्त किया गया। चारों सदनों के नेतृत्व हेतु वेदिका चौकसे (दर्शन हाउस कैप्टन), वैदिक मिश्रा (दर्शन हाउस वाइस कैप्टन), शनाया कोहली (ज्ञान हाउस कैप्टन), युवान सोनी (ज्ञान हाउस वाइस कैप्टन), सारांश कौरव (चरित्र हाउस कैप्टन), मानसी राजपूत (चरित्र हाउस वाइस कैप्टन), राजवी साहनी (तप हाउस कैप्टन) तथा अनुज अग्रवाल (तप हाउस वाइस कैप्टन) को दायित्व सौंपे गए।

वहीं विभिन्न क्लबों के लिए श्राव्या बडकुर (लिटरेरी क्लब हेड), अनुश्री सोनी (परफॉर्मिंग आर्ट्स क्लब हेड), जिनांशी बडकुर (सोशल मीडिया क्लब हेड), अनादि चौकसे (कोडिंग एवं रोबोटिक्स क्लब हेड) तथा आराध्या पटेल (इको क्लब हेड) के साथ प्रीफेक्ट मेंबर्स को नेतृत्व की जिम्मेदारी प्रदान की गई। इसके उपरांत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मणिका मैम ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सभी पदाधिकारियों को सत्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई।

# आस्था और श्रद्धा के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**नवभारत/गाडरवारा।** नगर में गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ जगन्नाथ धाम स्थित जगदीश मंदिर से विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन के उपरांत हुआ। सुसज्जित रथ में विराजमान भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। जय जगन्नाथ के जयघोष और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींचकर स्वयं को धन्य माना। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर



भगवान का स्वागत किया तथा प्रसाद एवं शीतल पेयजल का वितरण किया। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता की। यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था की गई।

# कार्मेल स्कूल में कार्मेल डे मातृ दिवस के साथ शपथ ग्रहण समारोह

**नवभारत/करेली।** -नगर की शिक्षण संस्था कार्मल विद्यालय में 16 जुलाई को कार्मल डे शपथ ग्रहण समारोह एवं मातृ दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रत्नाकर हिग्वे नगर निरीक्षक, पुलिस तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अश्विता उईके दंत चिकित्सक एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं डॉ. आस्था भार्गव जनरल फिजिशियन एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा रहे। इस अवसर पर कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने नाटक,समूहगान,समूह नृत्य एवं प्रार्थना नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। डिजिटल माध्यम से सम्पन्न विद्यालय कैबिनेट चुनाव में निर्वाचित छात्र-प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि ने पद एवं गोपनीयता




की शपथ दिलाई। पद्मेंद्र प्रताप सिंह एवं आशीष जैन ने स्कूल लीडर,अनन्या पटेल एवं वंशिका पटेल ने स्कूल कैप्टन तथा पलक जैन एवं यथार्थ सिंह राजपूत ने स्कूल सेक्रेटरी सहित सभी हाउस कैप्टनों ने शपथ ग्रहण की। मातृ दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी माताओं का तिलक,आरती एवं पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य अतिथि रत्नाकर हिग्वे ने विद्यार्थियों को माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा मन लगाकर अध्ययन करने का संदेश दिया। प्राचार्य फादर केल्विन ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा अनुशासित जीवन अपनाने का आह्वान किया।

# दिगंबर जैन महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी गठित

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** सकल दिगंबर जैन समाज तेंदूखेड़ा की महिला मंडल के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव संरक्षक मंडल की उपस्थिति में संपन्न हुए। इस अवसर पर संरक्षक मंडल में श्रीमती अंगूरी स्वदेशी डा किरण प्रभा जैन राजकुमारी स्वदेशी किरण मोदी शकुंतला जैन मीना जैन (तिगड्डा) एवं सविता मोदी उपस्थित रहीं।

### नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी

चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष श्रीमती विद्या सेठ बरिया वाले सचिव आनंदधारा जैन कोषाध्यक्ष अर्चना स्वदेशी सह कोषाध्यक्ष अंजू मोदी उपाध्यक्ष सीमा अहिंसा मंजू (मयंक) एवं राज जैन सहसचिव श्रीमती आरती मोदी प्रीति सेठ एवं ममता केसली प्रचार प्रसार में मंजू जैन रजनी कठल व्यवस्था मंत्री अनीता जैन पाटन सांस्कृतिक मंत्री शालिनी मरेठी श्रद्धा जैन मुक्ता स्वदेशी मनीषा जैन प्रतिमा सिंघई इसके अतिरिक्त श्रीमती ममता स्वदेशी विनीता जैन रजनी जैन प्रीति मोदी कल्पना स्वदेशी सुकुमारी चौधरी राजश्री जैन अरुणा जैन विनीता पाटन सुनीता जैन सुनीता स्वदेशी प्रिया मोदी नीलांजना मोदी सुषमा चौधरी बबीता अर्चना स्वदेशी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।

### दो घरों में चोरी

**नवभारत, जबलपुर।** खितौला थाना अंतर्गत लखराम मोहल्ला में दो सूने घरों में चोरों ने धावा बोलते जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस ने बताया कि दिनेश दुबे निवासी लखराम मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी पत्नि बच्चो को लेकर मायके गयी है। वे घर में ताला लगाकर वह अपनी ड्यूटी पर चला गया था। इसी दौरान चोर सूने मकान का कुंदा तोडकर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चुरा ले गया। इसी प्रकार अनीता पारस निवासी लखराम मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके पति शंकरलाल जबलपुर स्थित ओमेगा अस्पताल मे भर्ती कराया है।

**लोकार्पण** 37 .22 करोड़ की लागत से बने जिले के प्रथम सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय का लोकार्पण

# साईखेड़ा को मिली शिक्षा की ऐतिहासिक सौगात

**नवभारत/ साईखेड़ा।** साईखेड़ा एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा नरसिंहपुर जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने 37.22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जिले के प्रथम सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य साधना स्थापक, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, कलेक्टर रजनी सिंह, पुलिस




अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय केवल एक शैक्षणिक भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने वाला आधुनिक शिक्षा केंद्र है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो।

### नाम रोशन करने का आह्वान

छात्र जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले संसाधनों की कमी के कारण बच्चे टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करते थे, लेकिन आज प्रदेश सरकार शासकीय विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन करने और कठिन परिश्रम से अपने परिवार, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

**OFFICE OF JAWAHAR KRISHI UPAJ MANDI SAMITI**
**GADARWARA DIST. NARSINGHPUR**
**Notice Inviting Tender**

No./MANDI/NIRMAN/2026-27/521 Gadarwara,dated: 16/07/2026

Online Percentage Rate e-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer-in-Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for the following works:-

| Name of work | Tender No. | PAC Amount |
|---|---|---|
| Construction of CC Road at Mandi Yard Gadarwara and Construction of Krishak Rest House at Mandi Yard Gadarwara | 2026_MPSAM_520739_1 | Rs. 550.56 Lakhs |
| Repairing and Maintenance Work of Existing Structures at Mandi Yard Gadarwara. | 2026_MPSAM_520738_1 | Rs. 42.20 Lakhs |

The online tenders shall be received up to 03:30 PM on 06.08.2026. Technical Bid Documents, EMD and Financial Offer shall be submitted online only, as per the Detailed Notice Inviting Tender (Detailed NIT). The tender documents can be downloaded from the e-procurement portal: https://www.mptenders.gov. in Detailed information is also available on the official website of M.P. State Agricultural Marketing Board: https://www.mpmandiboard.in

**Note:-**
1. Any corrigendum, amendment or addendum to this NIT, if issued, shall be published only on the above-mentioned e-procurement portal.
2. No separate communication regarding corrigendum shall be made.
3. Further details regarding the construction/ development works, locations and key dates are also available on www.mpmandiboard.in.

**Secretary**
Krishi Upaj Mandi Samiti
Gadarwara Dist-Narsinghpur